**K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR**
**ASSESSMENT - 4 (2023-24)**

**GRADE: IV** **MARKS: 50**
**SUB: HINDI** **TIME: 2 Hrs**

**सूचनाएँ** = १) प्रश्न लिखकर उत्तर लिखना आवश्यक है। (Objective Questions)
२) प्रश्न क्रमांक लिखना आवश्यक है।
३) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

## खंड (क) पठित (Seen passage)

**प्रश्न १) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**
**(Read the seen passage and follow the instructions given below.)**

एक दिन भीखू भाई का मन नारियल खाने का हुआ। ताज़ा-मुलायम, कसा हुआ, शक्कर के साथ। म्म्म्म! उसके बारे में सोचते ही भीखूभाई ने अपने होठों को चटकारा, "वाह क्या मीठा-मीठा सा स्वाद होगा!"

लेकिन एक छोटी-सी समस्या थी। घर में तो एक भी नारियल नहीं था।

"ओहो! अब मुझे बाज़ार जाना पड़ेगा," उन्होंने अपनी पत्नी लाभुबेन से कहा।

लाभुबेन अपने कंधे उचकाकर बोलीं, "खाना है तो जाना है।"

एक समस्या और थी।

भीखूभाई ने कहा, "पैसे खर्च करने पड़ेंगे,"

लाभुबेन बोली, "हाँ। पैसे तो खर्च करने पड़ेंगे।"

**क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए।** **(२अंक)**
**(Complete the blanks with the appropriate word.)**
१) अब मुझे ______ जाना पड़ेगा।
२) "वाह क्या मीठा-मीठा सा ______ होगा!"

**ख) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा।** **(१अंक)**
**(Who said to whom.)**
१) "खाना है तो जाना है।"

**ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए।** **(२अंक)**
**(Answer the following questions in one or two words.)**
१) भीखूभाई का मन क्या खाने को हुआ?
२) भीखूभाई के पत्नी का नाम क्या था?

**प्रश्न २) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**(Read the seen passage and follow the instructions given below.)**

| |
|---|
| सुनीता सुबह सात बजे सोकर उठी। कुछ देर तो वह अपने बिस्तर पर ही बैठी रही। वह सोच रही थी कि आज उसे क्या-क्या काम करने हैं। उसे याद आया कि आज तो बाज़ार जाना है। सोचते ही उसकी आँखों में चमक आ गई। सुनीता आज पहली बार अकेले बाज़ार जाने वाली थी। उसने अपनी टाँगों को हाथ से पकड़ कर खींचा और उन्हें पलंग से नीचे की ओर लटकाया। फिर पलंग का सहारा लेती हुई अपनी पहिया कुर्सी तक बढ़ी। सुनीता चलने-फिरने के लिए पहिया कुर्सी की मदद लेती है। आज वह सभी काम फुर्ती से निपटाना चाहती थी। हालाँकि कपड़े बदलना, जूते पहनना आदि उसके लिए कठिन काम हैं। पर अपने रोज़ाना के काम करने के लिए उसने स्वयं ही कई तरीके ढूँढ़ निकाले हैं। |

**क) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए।** **(३अंक)**

**(Write whether the following sentences are true or false.)**

१) सुनीता को आज बाज़ार जाना है।

२) सुनीता सभी काम फुर्ती से निपटाना चाहती थी।

३) सुनीता ने रस्सी का सहारा लिया।

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए।** **(२अंक)**

**(Answer the following questions in one or two words.)**

१) सुनीता सुबह कितने बजे सोकर उठी?

२) सुनीता चलने-फिरने के लिए किसकी मदद लेती है?

**प्रश्न ३) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**(Read the seen poem and follow the instructions given below.)**

| | |
|---|---|
| एक पढ़क्कू बड़े तेज़ थे, तर्कशास्त्र पढ़ते थे,<br>जहाँ न कोई बात, वहाँ भी नई बात गढ़ते थे।<br><br>एक रोज़ वे पड़े फ़िक्र में समझ नहीं कुछ पाए,<br>"बैल घूमता है कोल्हू में कैसे बिना चलाए?" | कई दिनों तक रहे सोचते, मालिक बड़ा गज़ब है?<br>सिखा बैल को रक्खा इसने, निश्चय कोई ढब है।<br><br>आखिर, एक रोज़ मालिक से पूछा उसने ऐसे,<br>"अजी, बिना देखे, लेते तुम जान भेद यह कैसे? |

**क) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए।** **(२अंक)**

**(Write whether the following sentences are true or false.)**

१) पढ़क्कू हमेशा नई-नई बातें गढ़ते थे।

२) मालिक कई दिनों तक कुछ सोचता रहता है।

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **(३अंक)**

**(Choose the correct option.)**

१) पढ़क्कू क्या पढ़ते थे?

I) तर्कशास्त्र II) विज्ञान III) हिंदी

२) पढ़क्कू पढ़ने में कैसे थे?

I) तेज़ II) कमजोर III) आलसी

३) पढ़क्कू ने बैल के मालिक को क्या समझा?

I) लड़ाकू II) अकड़ू III) गज़ब

## खंड (ख) पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न

**(Textual based questions)**

**प्रश्न १) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।** **(४अंक)**

**(Answer the following questions in one sentence.)**

१) हुदहुद के पंख कैसे होते हैं?

२) 'पढ़क्कू की सूझ' इस कविता के रचनाकार (कवि) कौन हैं?

३) सुनीता ने दुकानदार से कितनी किलो चीनी माँगी?

४) सुलेमान ने किसकी प्रार्थना स्वीकार कर ली?

**प्रश्न २) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीर्घ लिखिए।** **(४अंक)**

**(Answer the following questions in detail.)**

१) हुदहुदों के सिर पर लोगों ने क्या देखा और फिर उन्होंने क्या किया?

२) भीखूभाई के बारे में कुछ बातें अपने शब्दों में लिखिए|

**प्रश्न ३) स्वमत (स्व-अध्ययन पर प्रश्न)** **(Self opinion question.)** **(२अंक)**

१) पशु-पक्षियों की शिकार करना उचित है या अनुचित, इसपर अपने विचार लिखिए।

## खंड (ग) अपठित (Unseen passage)

**प्रश्न १) निम्नलिखित अपठित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**(Read the unseen passage and follow the instructions given below.)**

सुबह का समय था। सूरज की किरणें धीरे-धीरे खिलखिलाती हुई खिड़की से अंदर आ रही थीं। नींद से जगा हुआ रोहन बिस्तर से बाहर निकला और खिड़की के पास गया। उसने बाहर जाकर देखा कि एक सुंदर पक्षी पेड़ पर बैठा था और चहक रहा था। पक्षी को देखकर वह बहुत खुश हुआ। उसने पक्षी को आवाज दी, लेकिन पक्षी उड़ गया। रोहन बहुत उदास हुआ। वह पक्षी को देखने के लिए बाहर जाना चाहता था, लेकिन वह बहुत छोटा था। वह खिड़की से बाहर देखता रहा और सोचता रहा कि वह एक दिन पक्षी की तरह उड़ सकेगा।

**क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए।** **(३अंक)**

**(Complete the blanks with the appropriate word.)**

१) एक सुंदर पक्षी _______ पर बैठा था।

२) रोहन बहुत _______ हुआ।

३) नींद से जगा हुआ रोहन ________ से बाहर निकला।

**ख) निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाए।** **(२अंक)**

**(Make sentence the following words.)**

१) पंछी = २) खुबसुरत =

## खंड (घ) व्याकरण (Grammar)

**प्रश्न १) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलो।** **(२अंक)**

**(Change gender of the following words.)**

१) अनुजा -  २) नर -

**प्रश्न २) निम्नलिखित शब्दों के वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए।** **(२अंक)**

**(Write a word for the phrase of the following words.)**

१) जो पहले जन्मा हो –  २) पत्तों से बनी कुटिया -

**प्रश्न ३) निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग वाक्यों में कीजिए।** **(२अंक)**

**(Use the following idioms in sentences.)**

१) तिनके का सहारा -  २) चहल-पहल होना -

**प्रश्न ४) निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया शब्द खोजकर लिखिए।** **(२अंक)**

**(Identify the verb from the given sentences.)**

१) महेश ने घर बनाया।  २) राधा पत्र लिखती है।

**प्रश्न ५) निम्नलिखित परिच्छेद को उचित विरामचिह्नों के साथ फिर से लिखिए।** **(२अंक)**

**(Rewrite the following passage with proper punctuations.)**

"वाह! यह कैसे हो सकता है?" दिनेश बोला, "गेंद देखकर निशानी बताना कौन-सा कठिन है! बिना देखे बता, तब जानूँ।" तभी ऊपर से दीपक उतर आया। दीपक अपना मतलब सिद्ध करने तथा अवसर पड़ने पर सभी को मित्र बना लेने में चतुर था। गेंद की बात सुनकर दीपक बोला, "गेंद मेरी है।"

## खंड (ङ) लेखन (Writing skill)

**प्रश्न १) निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर उचित शीर्षक दीजिए और सीख लिखिए। (कोई – १)** **(४अंक)**

**(Write a story based on the given outline, provide a suitable title and include a moral.) [Any – 1]**

१) किसान ----------- उसकी स्त्री को धनी होने की कल्पना ----------------- परी के दर्शन ------------ दो वरदान माँगने को कहना ------------- किसान की स्त्री का लोभ ---------- गहनों का शौक, "हाथ सोने का बना दो" -------------- हाथ रुक जाना ------------- तकलीफ ------------- दूसरा वरदान माँगना, "हाथ पहले जैसा बना दो।" परी का तथास्तु कहना ---------------- सीख।

२) गाँव में लड़कियाँ ---------- सभी पढ़ने में होशियार ------------ गाँव में पानी का अभाव -------लड़कियों का घर के कामों में सहायता करना ---------- बहुत दूर से पानी लाना -------- पढ़ाई के लिए कम समय मिलना ----------- लड़कियों का समस्या पर चर्चा करना ---------- समस्या सुझाने का उपाय खोजना --------- गाँववालों की सहायता से प्रयोग करना --------- सफलता पाना -------- सीख।

**प्रश्न २) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए।** **(६अंक)**

**(Write a letter on any one of the following topics.)**

१) सप्ताह में एक बार विद्यार्थियों के बीच बास्केटबॉल मैच आयोजित करने के लिए अपने प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए।

२) पुस्तक विक्रेता से पुस्तक मँगवाने हेतु पत्र लिखिए।

**********************************